BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 07 अप्रैल, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना पहासू**

स्कूटी सवार शातिर बदमाश के साथ थाना पहासू पुलिस व स्वाट टीम देहात की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व स्कूटी बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 06/07.04.2025 की रात्रि को थाना पहासू पुलिस टीम व स्वाट टीम देहात एक अभिसूचना के आधार पर जटौला नहर पुलिया पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी बरौली की ओर से एक स्कूटी पर संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रूकने का इशारा किया गया तो नही रुका तथा बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए स्कूटी को तेजी से मोड़कर पलड़ा झाल की ओर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसको गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान राजीव जोशी पुत्र छोटेलाल निवासी मौ0 सराय झाँझन कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व स्कूटी बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का लुटेरा अपराधी हैं जिसके विरुद्ध थाना सिकन्द्राबाद पर कई मुकदमे पंजीकृत हैं। जिसकी तलाश कर गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. राजीव जोशी पुत्र छोटेलाल निवासी मौ0 सराय झाँझन कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 01 पिस्टल 30 बोर मय 02 खोखा कारतूस।
2- 01 स्कूटी होण्डा एक्टिवा (यूपी 13एजेड 4827)

अभियुक्त राजीव का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 002/24 धारा 25 आयुध अधि0 थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 288/24 धारा 398/401/307/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं- 289/24 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
4. मुअसं- 365/05 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं- 549/07 धारा 302 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
6. मुअसं- 658/07 धारा 25/27 आयुध अधि0 थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
7. मुअसं- 179/08 धारा 457/380 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
8. मुअसं- 108/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना पहासू पर मुअसं -108/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री रामफल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना पहासू।
2- व0उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र बालियान, उ0नि0 केवल सिंह, उ0नि0 रवि कुमार।
3- का0 हिम्मत सिंह, का0 धर्मेन्द्र कुमार।

स्वाट टीम देहात-

1. श्री पम्मी चौधरी प्रभारी स्वाट टीम देहात।
2. है0का0 नेत्रपाल, है0का0 नितिन शर्मा, है0का0 कुलदीप सिंह, है0का0 अरूण, का0 मनीष, का0 आकाश, का0 अजय, का0 विपिन।

मीडिया सेल बुलंदशहर